# अपने फोन को जानें




*फिलिप्स लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने का प्रयास करती रहती है। अतः, फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका के पुनरावलोकन करने या इसे किसी भी समय बिना किसी सूचना के वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका को "वर्तमान रुप" में प्रदान करती है और, उचित कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, भुल चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*

## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करने के लिए** | को देर तक दबाएं। |
| **फोनबुक में नम्बर रक्षित करने के लिए** | फोन नम्बर भरें और रक्षित करने के लिए दबाएं। |
| **कॉल करने के लिए** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें और डायल करने के लिए दबाएं। |
| **आई.पी. कॉल करने के लिए** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें। का प्रयोग कर आई.पी. कॉल चुनें (यदि आई.पी. उपसर्ग पहले ही फोनबुक में रक्षित हो, तो वह स्वतः ही जोड़ दिया जाएगा) और नम्बर स्वयं ही डायल हो जाएगा। |
| **कॉल का उत्तर देने के लिए** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कॉल समाप्त करने के लिए** | दबाएं। |
| **कॉल अस्वीकार करने के लिए** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **ईयरपीस की ध्वनि समायोजित करने के लिए** | कॉल के दौरान या दबाएं। |
| *संपर्क* **में जाने के लिए** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |
| **मुख्य मीनू में जाने के लिए** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |

| | |
|---|---|
| **ध्वनिरहित अवस्था में जाने हेतु** | मीटिंग मोड एवं सामान्य मोड के बीच समन्वय बनाये रखने के लिए निष्क्रिय अवस्था में को देर तक दबाएं। |
| **पिछले मीनू में जाने हेतु** | दबाएं। |
| **निष्क्रिय अवस्था में शीघ्र लौटने हेतु** | दबाएं। |

## बायीं/दायीं कुन्जी

स्क्रीन के निचले भाग में प्रदर्शित क्रिया को करने के लिए कुन्जीपटल के ऊपरी भाग में स्थित बायीं और दायीं सॉफ्टकुन्जियाँ और दबाएं।

# विषय - सूची


1. शुरुआत .................................................... 4
   सिम कार्ड डालना .................................................... 4
   फोन चालू करना .................................................... 5
   बैटरी चार्ज करना .................................................... 5
2. कॉल करना .................................................... 7
   कॉल करना .................................................... 7
   आपातकालीन कॉल करना .................................................... 7
   कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना .................................................... 7
   कॉल के दौरान विकल्प .................................................... 7
   ईयरपीस की ध्वनि नियोजन करना .................................................... 7
   कुन्जीपटल लॉक करना/लॉक हटाना .................................................... 7
   एक से अधिक कॉलें करना .................................................... 8
3. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि .................................................... 9
   निविष्टि विधि .................................................... 9
   क्रिया कुन्जियाँ .................................................... 9
   मल्टी-टैप ABC/Abc/abc निविष्टि .................................................... 9
   स्मार्ट ABC/Abc/abc निविष्टि .................................................... 10
   चिन्ह निविष्टि .................................................... 10
   चिह्न निविष्टि .................................................... 10
4. फोनबुक .................................................... 11
   सम्पर्क प्रबंधन करना .................................................... 11
   नए सम्पर्क बनाना .................................................... 11
   फोनबुक की प्रतिलिपि करना .................................................... 11
   फोनबुक की प्रविष्टि स्थानांतरित करना .................................................... 11
   सम्पर्क हटाना .................................................... 12
   फोनबुक में सम्पर्क खोजना .................................................... 12
   प्रदर्शन प्रकार .................................................... 12
   मेरा नम्बर .................................................... 12
   स्मृति की स्थिति .................................................... 12
5. सन्देश .................................................... 13
   एसएमएस .................................................... 13
   सेल प्रसारण सन्देश .................................................... 15
6. कॉल पंजी .................................................... 16
   छूटी कॉलें .................................................... 16
   आउटगोइंग कॉलें .................................................... 16
   उत्तरित कॉलें .................................................... 16
   कॉल अवधि .................................................... 16
7. सेटिंग्स .................................................... 17
   फोन सेटिंग्स .................................................... 17
   कॉल सेटिंग्स .................................................... 17
   सुरक्षा सेटिंग्स .................................................... 18
   नेटवर्क सेटिंग्स .................................................... 19
   पुनः सेट करना .................................................... 19

8. प्रोफाइल ....................................................20
9. टूल्स ....................................................21
अलार्म ....................................................21
कार्यक्रम ....................................................21
कैल्कुलेटर ....................................................21
10. खेल ....................................................22
खेल ....................................................22
11. एसटीके ....................................................23
एसटीके ....................................................23
चित्र एवं चिह्न....................................................30
सावधानियाँ....................................................31
दोष-निवारण....................................................35
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण....................................................37
ट्रेडमार्क कथन....................................................38
एसएआर जानकारी - अंतर्राष्ट्रीय
(आईसीएनआईआरपी)....................................................39
सीमित वारंटी....................................................40

# 1. शुरुआत

*अपना फोन प्रयोग करने से पहले कृपया "सावधानियाँ" भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*

अपना फोन प्रयोग करने हेतु, आपको अपने जीएसएम ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया एक वैध सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपके भुगतान की जानकारी, आपका मोबाइल फोन नम्बर और एक स्मृति शामिल हैं, जिसमें आप फोन नंबर और संदेशों को सहेज सकते हैं।

## सिम कार्ड डालना

अपना नया सिम कार्ड डालने हेतु नीचे दिए अनुक्रम का पालन करें। पिछला कवर और बैटरी निकालने से पहले अपना मोबाइल फोन बंद करना न भूलें।

### *पिछला कवर हटाना*

सिम कार्ड डालने हेतु, आपको पहले पिछला कवर हटाना होगा। पिछले कवर को अपने अंगूठे से दबाएं और उसे ऊपर की ओर खिस्काएं। फिर नीचे दर्शाए गए तरीके से बैटरी के स्थान का आवरण ऊपर उठाने के लिए अपने खाली हाथ का प्रयोग करें।



### *बैटरी निकालना*

बैटरी हटाने हेतु, नीचे दर्शाए गए तरीके से बैटरी को ऊपरी भाग से उठाएं।



### *सिम कार्ड डालना*

यह सुनिश्चित करें कि सिम कार्ड का कटा हुआ कोना सही दिशा में हो और धातु का सम्पर्क नीचे की ओर हो। सिम कार्ड को सिम कार्ड खाँचें में उसके स्थान में रुकने तक खिसकाएं।



### *बैटरी बदलना*

स्वर्ण सम्पर्कों को नीचे की ओर रखते हुए, बैटरी को उसके स्थान में रुकने तक वापिस खिसकाएं। फिर उसे नीचे की ओर दबाते हुए लॉक करें।



### *पिछला कवर बदलना*

पिछले कवर को उसके स्थान में रुकने तक पीछे सरकाते हुए पुनः लगाएं।




फोन का प्रयोग करने से पहले स्क्रीन को ढकने वाली सुरक्षात्मक फिल्म हटाएं।

## फोन चालू करना

फोन चालू करने के लिए, देर तक दबाएं। आवश्यकता पड़ने पर पिन कोड डालें। यह पूर्वनिर्धारित होता है और आपको आपके ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा बताया जाता है। पिन कोड के बारे में अधिक जानकारी के लिए, ''सुरक्षा सेटिंग्स'' देखें।

*यदि आप लगातार तीन बार एक गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड लॉक हो जाएगा। उसका लॉक खोलने के लिए, आपको अपने नेटवर्क ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करना होगा।*

## बैटरी चार्ज करना

आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और बैटरी का स्तर कम होने पर एक अलार्म आपको चेतावनी देता है। बैटरी समाप्त होने पर, बैटरी के चिह्न संकेतक फ्लैश होने से पूर्व उसे 2 या 3 मिनट के लिए चार्ज करने की आवश्यकता होगी। चार्जर को फोन के निचले भाग में चार्जर कनेक्टर में लगाएं और सुनिश्चित करें कि नीचे दर्शाए गए तरीके के अनुसार चार्जर पर बना

तीर का चिह्न ऊपर की ओर है। फिर चार्जर के दूसरे सिरे को एसी पॉवर सॉकेट से जोड़ें।



बैटरी का चिह्न चार्ज की स्थिति प्रदर्शित करता है। बैटरी चार्ज होते समय चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे। चार्ज संकेतकों का स्क्रॉल करना रुकने पर बैटरी पूर्णतः चार्ज हो जाएगी। फिर आप चार्जर को बंद कर सकते हैं।

बैटरी पूर्णतः चार्ज होने के बाद भी चार्जर को मोबाइल फोन से लगाए रखने से बैटरी को कोई हानि नहीं होगी। चार्जर को बंद करने का एकमात्र तरीका उसे हटाना है, अतः आसान पहुँच वाले किसी एसी पॉवर सॉकेट का प्रयोग करें। यदि आप कुछ समय के लिए अपना फोन प्रयोग न कर रहे हों, तो हम सुझाव देते हैं कि आप बैटरी निकाल दें।

*चार्ज के दौरान भी आप अपने फोन का प्रयोग कर सकते हैं। बैटरी के पूर्णतः खाली होने पर, चार्ज संकेतक चार्जिंग के केवल कुछ मिनट बाद ही प्रकट होंगे।*

# 2. कॉल करना

## कॉल करना

### *निष्क्रिय स्क्रीन से*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर डालें। कोई त्रुटि सही करने के लिए, दबाएं।
2. नम्बर डायल करने के लिए दबाएं।
3. कॉल समाप्त करने के लिए दबाएं।

*अन्तर्राष्ट्रीय कॉल करने हेतु, अन्तर्राष्ट्रीय उपसर्ग "+" प्रविष्ट करने के लिए को दो बार दबाएं।*

### *फोनबुक प्रयोग करना*

1. निष्क्रिय अवस्था में दबाएं।
2. सूची से एक सम्पर्क चुनें और चुना गया नम्बर डायल करने के लिए दबाएं। कोई अन्य नम्बर चुनने के लिए या दबाएं (अधिक जानकारी हेतु "फोनबुक" देखें)।
3. कॉल समाप्त करने के लिए दबाएं।

## आपातकालीन कॉल करना

फोन में सिम कार्ड के बिना, आप आपातकालीन कॉल डायल करने के लिए (*एस ओ एस*) दबा सकते हैं।

फोन में सिम कार्ड के साथ, आप निष्क्रिय अवस्था में आपातकालीन नम्बर प्रविष्ट कर सकते हैं, फिर दबाएं।

*यूरोप में मानक अपातकालीन नम्बर 112 है, इंगलैंड में यह 999 है।*

## कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना

यदि कॉलकर्ता की पहचान प्रदर्शित करने का चुनाव किया गया है, तो कोई इनकमिंग कॉल आने पर कॉलकर्ता का नम्बर प्रदर्शित हो सकता है। यदि नम्बर फोनबुक में सहेज दिया गया हो, तो नम्बर के बदले संबद्ध नाम प्रदर्शित होता है।

- **कॉल का उत्तर देने के लिए :** दबाएं।
- **कॉल अस्वीकार करने के लिए :** दबाएं।
- **कॉल समाप्त करने के लिए :** दबाएं।

*ध्वनिरहित अवस्था में होने पर फोन नहीं बजेगा।*

यदि आपने *कोई भी कुन्जी उत्तर* चुना है, तो आप, तथा के अलावा अन्य कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल का उत्तर दे सकते हैं।

## कॉल के दौरान विकल्प

कॉल के दौरान, निम्न विकल्प प्राप्त करने के लिए *विकल्प* चुनें :

- कॉल *रोकें* पर रखना
- कॉल को *मौन* करना
- *नया कॉल*
- *नया एस एम एस*
- *संपर्क* प्राप्त करना

## ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना

कॉल के दौरान, ध्वनि बढ़ाने या घटाने के लिए या दबाएं।

## कुन्जीपटल लॉक करना/लॉक हटाना

लॉक करने/लॉक हटाने के लिए निष्क्रिय अवस्था में देर तक दबाए रखें।

## एक से अधिक कॉलें करना

आप अपने फोन द्वारा एक साथ दो या अधिक कॉलें कर सकते हैं, एवं कॉन्फ्रेन्स कॉलें कर सकते हैं। इस सुविधा की उपलब्धता आपके नेटवर्क ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर करती है।

### *दूसरे कॉल करना*

कोई सक्रिय कॉल या होल्ड पर कोई कॉल होने पर आप एक दूसरा कॉल कर सकते हैं। फोन का प्रयोग करते समय, नम्बर डायल करें (या फोनबुक से एक सम्पर्क चुनें) और दबाएं। पहला कॉल होल्ड कर दिया जाता है और दूसरा नम्बर डायल किया जाता है। फिर आप निम्न विकल्प में पहुँचने के लिए दबा सकते हैं :

1. 2 कॉलों के बीच अदल-बदल के लिए *स्विच* करें।
2. कॉलकर्ता को किसी कॉन्फ्रेन्स कॉल में लाने के लिए *कांफ्रेंस* करें।

### *दूसरा कॉल का उत्तर देना*

आपकी द्वारा बातचीत के दौरान दूसरा कॉल प्राप्त होने पर, फोन एक बीप ध्वनि करेगा और स्क्रीन इन्कमिंग कॉल के विषय में जानकारी प्रदर्शित करेगा। फिर आप :

| | |
|---|---|
| दबाएं। | कॉल का उत्तर देने के लिए (पहला कॉल होल्ड कर दिया जाता है)। |
| या दबाएं। | कॉल अस्वीकार करने के लिए। |
| *विकल्प* दबाएं। | विकल्प सूची में पहुँचने के लिए। वर्तमान कॉल को समाप्त करने और इन्कमिंग कॉल का उत्तर देने के लिए आप *हैंगअप* करें और फिर *सक्रिय* चुन सकते हैं। |

# 3. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि

## इन्पुट विधि

आपका फोन में 6 प्रकार की इन्पुट विधियाँ समर्थित हैं :

मल्टी-टैप ABC/Abc/abc

स्मार्ट ABC/Abc/abc

हिन्दी (T9)

एचएमआई (मल्टी-टैप)

संख्यात्मक

चिह्न

पाठ्य सम्पादन के दौरान, विभिन्न भाषाओं में आने जाने हेतु को लंबे समय तक दबाएं तथा विभिन्न निविष्टि विधियों में आने जाने हेतु को कम समय के लिए दबाएं। स्क्रीन के ऊपरी भाग में स्टेटस बार वर्तमान निविष्टि विधि प्रदर्शित करेगा। [ABC], [Abc] और [abc] क्रमशः अंग्रेज़ी में मल्टी-टैप बड़े अक्षरों, स्मार्ट मल्टी-टैप और मल्टी-टैप छोटे अक्षरों वाले निविष्टि दर्शाते हैं, [ENG], [Eng] और [eng] क्रमशः स्मार्ट इंग्लिश बड़े अक्षरों, स्मार्ट इंग्लिश और स्मार्ट इंग्लिश छोटे अक्षरों वाले निविष्टि दर्शाते हैं, [123] संख्यात्मक निविष्टि दर्शाता है।

## क्रिया कुन्जियाँ

| | |
|---|---|
| | कर्सर की बायीं ओर का अक्षर हटाने या सम्पादन मोड से बाहर निकलने के लिए। |
| | कर्सर घुमाएं, सूची से अक्षर, शब्द या चिह्न चुनें, या सूची में नीचे स्क्रॉल करने के लिए। |
| | निष्क्रिय अवस्था में लौटने के लिए। |
| | सूची में से प्रदर्शित शब्द चुनने या मीनू में विकल्प प्रविष्ट करने के लिए। |
| | चिह्न प्रविष्ट करने के लिए। |
| | निविष्टि विधि बदलने के लिए। |

## मल्टी-टैप ABC/Abc/abc इन्पुट

1. कुन्जी पर का पहला अक्षर प्रविष्ट करने के लिए संख्यात्मक कुन्जी ( से ) को एक बार दबाएं, कुन्जी पर का दूसरा अक्षर प्रविष्ट करने के लिए दो बार दबाएं, इसी तरह आगे भी। यदि आपके द्वारा प्रविष्ट किया जाने वाला इच्छित अक्षर और आपके द्वारा अभी प्रविष्ट किया गया अक्षर एक ही कुन्जी पर हैं, तो कर्सर के पुनः प्रकट होने हेतु केवल कुछ पल प्रतीक्षा करें।
2. कर्सर की बायीं ओर का अक्षर हटाने के लिए दबाएं।

*ABC/abc मल्टीटैप निविष्टि विधि में खाली स्थान प्रविष्ट करने के लिए आप कुन्जी दबा सकते हैं।*

प्रत्येक कुन्जी पर स्थित अक्षर इस प्रकार हैं:

| कुन्जी | क्रम से वर्ण प्रदर्शित करने हेतु |
| --- | --- |
| 1 | @1,;:?!() |
| 2 | a b c 2 |
| 3 | d e f 3 |
| 4 | g h i 4 |
| 5 | j k l 5 |
| 6 | m n o 6 |
| 7 | p q r s 7 |
| 8 | t u v 8 |
| 9 | w x y z 9 |
| 0 | 0 |

## स्मार्ट ABC/Abc/abc इन्पुट

स्मार्ट इंग्लिश निविष्टि विधि आपके लिए अंग्रेज़ी शब्द प्रविष्ट करने का एक तेज तरीका प्रस्तुत करती है।

1. आपको कोई शब्द प्रविष्ट करने हेतु उसके प्रत्येक अक्षर से संबंधित संख्यात्मक कुन्जी (2 से 9) को एक बार दबाना होगा। आपके द्वारा अक्षर प्रविष्ट करने पर, स्क्रीन पर प्रदर्शित शब्द स्वतः बदलते जाएंगे।
2. कर्सर की बायीं ओर का अक्षर हटाने हेतु दबाएं।
3. इच्छित शब्द चुनने हेतु मार्गदर्शक कुन्जी का प्रयोग करें और उसे प्रविष्ट करने के लिए दबाएं।

## संख्यात्मक इन्पुट

1. कुन्जियों से संबंधित अंक प्रविष्ट करने हेतु संख्यात्मक कुन्जियाँ (0 से 9) दबाएं।
2. कोई संख्या हटाने हेतु दबाएं।

## चिह्न इन्पुट

1. इन्पुट विधि की सूची देखने के लिए # दबाएं और इच्छित चिह्न का चुनाव करने के लिए / दबाएं। प्रविष्ट करने के लिए दबाएं।

# 4. संपर्क

दो उपलब्ध फोन बुक्स में से एक में संपर्क सहेजे जाते हैं: सिम फोनबुक (आपके सिम कार्ड में स्थित, जिसके कारण आपके द्वारा रक्षित की जाने वाली प्रविष्टियों की संख्या कार्ड की क्षमता पर निर्भर करती है) या स्मार्ट फोनबुक (आपके फोन में स्थित, जिससे आप 300 नामों तक सहेज सकते हैं)। नए सम्पर्क डालते समय, ये सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही प्रविष्ट होंगे।

## सम्पर्क प्रबंधन

फोनबुक की सूची से एक नाम चुनें और निम्न विकल्पों तक पहुँचने हेतु *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *विवरण देखें* | *खोजें* |
| *बनाएं* | *डिस्पले प्रकार* |
| *कॉपी* | *मेरा नंबर* |
| *हटाएं* | *मैमोरी स्थिति* |
| *मिटाएं* | |

## नए सम्पर्क बनाना

1. निष्क्रिय अवस्था में *सम्पर्क* में प्रवेश करें। *विकल्प* दबाएं और *बनाएं* चुनें। रक्षित करने का स्थान चुनें और *चुनें* दबाएं।
2. यदि आप *सिम* चुनते हैं, तो आपको नाम और नम्बर डालना होगा। अपने द्वारा नाम डालने के बाद, *ठीक* दबाएं। फिर फोन नम्बर डालें और *ठीक* दबाएं।
3. यदि आप *फोन* चुनते हैं, तो विधि उपरोक्त के समान ही होगी। आप सम्पर्क का नाम, कार्यालय का नम्बर और घर का नम्बर प्रविष्ट कर सकते हैं।

## संपर्क कॉपी करना

आप अपने फोन से वर्तमान या विविध सम्पर्क अपने सिम कार्ड में या सिम कार्ड के द्वारा फोन में कॉपी कर सकते हैं।

1. निष्क्रिय अवस्था में *सम्पर्क* में प्रवेश करें। *विकल्प* दबाएं और *उपस्थित को कॉपी करें* या *अनेक-कॉपी* चुनें और *चुनें* दबाएं।
2. *सिम को* या *फोन को* चुनें। आपके द्वारा *अनेक-कॉपी* चुनने पर आपको *विकल्प* दबाना होगा और वह सम्पर्क *चुनें* जिसे आप कॉपी करना चाहते हैं। पुष्टि करने हेतु *विकल्प* और *ठीक* दबाएं।
3. स्क्रीन पर पुष्टिकरण का एक प्रॉम्प्ट प्रदर्शित होगा। क्रिया की पुष्टि करने के लिए *ठीक* चुनें या क्रिया रद्द करने के लिए *निरस्त* चुनें।

## संपर्क हटाना

1. निष्क्रिय अवस्था में *सम्पर्क* में प्रवेश करें। *विकल्प* दबाएं और *वर्तमान को हटाएं* या *अनेक-हटाएं* चुनें और *चुनें* दबाएं।
2. *सिम से* या *फोन से* चुनें। आपके द्वारा *अनेक-कॉपी* चुनने पर आपको *विकल्प* दबाना होगा और वह सम्पर्क *चुनें* जिसका आप स्थानांतरण करना चाहते हैं। पुष्टि करने हेतु *विकल्प* और *ठीक* दबाएं।

3. स्क्रीन पर पुष्टिकरण का एक प्रॉम्प्ट प्रदर्शित होगा। क्रिया की पुष्टि करने के लिए *ठीक* चुनें या क्रिया रद्द करने के लिए *निरस्त* चुनें।

## सम्पर्क मिटाना

1. निष्क्रिय अवस्था में *सम्पर्क* में प्रवेश करें और *मिटाएं* या *बहु-हटाएं* चुनें।
2. आपके द्वारा *अनेक-हटाएं* चुनने पर आपको *विकल्प* दबाना होगा और वह सम्पर्क *चुनें* जिसे आप कॉपी करना चाहते हैं। पुष्टि करने हेतु *विकल्प* और *ठीक* दबाएं।
3. स्क्रीन पर पुष्टिकरण का एक प्रॉम्प्ट प्रदर्शित होगा। क्रिया की पुष्टि करने के लिए *ठीक* चुनें या क्रिया रद्द करने के लिए *निरस्त* चुनें।

## फोनबुक में सम्पर्क खोजना

1. फोनबुक में एक सम्पर्क खोजने में आपकी सहायता करता है। फोनबुक मीनू तक पहुँचने के लिए निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। फिर *विकल्प* > *खोजें* दबाएं। वह नाम या नम्बर प्रविष्ट करें जिसे आप खोजना चाहते हैं और *ठीक* दबाएं ; या
2. फोनबुक सूची तक सीधे पहुँचने के लिए निष्क्रिय अवस्था में दबाएं या *फोनबुक* में प्रवेश करने हेतु दबाएं और दबाएं और सूची में से अपना सम्पर्क *चुनें*। जो अक्षर आप चुनना चाहते हैं उसके सदृश कुन्जी दबाएं (जैसे अक्षर V तक पहुँचने के लिए कुन्जी 8TUV को तीन बार दबाएं)। सूची में इस अक्षर से आरंभ होने वाला प्रथम रिकार्ड चुना जाएगा।

## प्रदर्शन प्रकार

फोनबुक सूची में प्रदर्शित करने हेतु वस्तुएं चुनने में आपकी सहायता करता है। आप *नाम* या *नाम और नंबर* प्रदर्शित करने का चुनाव कर सकते हैं।

## मेरा नम्बर

*मेरा नंबर* विकल्प में आपका अपना नम्बर होना चाहिए। यदि नहीं, तो हम सुझाव देते हैं कि आप अपना मोबाइल फोन नम्बर और अन्य संबद्ध जानकारी प्रविष्ट करें।

***हालांकि सभी क्षेत्र खाली हो सकते हैं, आप मेरा नम्बर नहीं हटा सकते।***

## मेमोरी की स्थिति

आपके द्वारा सहेजे जा सकने वाले सम्पर्कों की कुल संख्या और सिम एवं फोनबुक स्मृति में आपके लिए उपलब्ध रिक्त स्थान प्रदर्शित करती है।

# 5. सन्देश

## एसएमएस

इस मीनू द्वारा आप लघु संदेश सेवा (एसएमएस) के प्रयोग द्वारा पाठ्य संदेश भेज सकते हैं, और अपने द्वारा प्राप्त एवं प्रेषित संदेश प्रबंधित कर सकते हैं।

### *सन्देश लिखना*

एसएमएस लिखने एवं भेजने के लिए, नीचे दिए गए क्रम का पालन करें :

1. *बनाएं* चुनें और निम्न विकल्प में जाने के लिए *चुनें* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *को :* | प्राप्तकर्ता का नम्बर सीधे प्रविष्ट करने हेतु *प्राप्तकर्ता संपादन* चुनें या कोई नम्बर चुनने के लिए *संपर्क* दबाएं। |
| *सामग्री :* | अपना संदेश लिखें या संपादित करें। |

2. अपना संदेश लेखन पूर्ण होने पर अगले विकल्प में जाने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *सामग्री संपादन* | अपना संदेश संपादित करने हेतु। |
| *भेजें* | संदेश भेजने हेतु। |
| *संपर्क डालें* | विविध सम्पर्क चुनाव के लिए सम्पर्क सूची प्रविष्ट करने हेतु। |
| *टैम्पलेट डालें* | पूर्व-निर्धारित एसएमएस पाठ्य प्रविष्ट करने हेतु। |
| *रक्षित करें* | संदेश ड्राफ्ट्स फोल्डर में सहेजने हेतु। |

*आपके द्वारा एसएमएस नेटवर्क द्वारा संदेश भेजने पर, आपका फोन "प्रेषित" प्रदर्शित कर सकता है। इसका अर्थ है कि संदेश आपके द्वारा अपने सिम कार्ड निर्धारित एसएमएस केन्द्र में भेज दिया गया है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि संदेश अपने गंतव्य पर भेजा जा चुका है।*

### *इनबॉक्स*

इस मीनू द्वारा आप अपने द्वारा प्राप्त किए गए एसएमएस संदेश पढ़ सकते हैं। संदेश एक सूची में प्रदर्शित किए जाते हैं।

संदेश प्रदर्शित होने पर, उसे पढ़ने के लिए दबाएं, फिर निम्न विकल्प में जाने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *पढ़ें* | चुना गया संदेश पढ़ने हेतु। |
| *उत्तर* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *मेरे फोल्डर तक ले जाएं* | चुना गया संदेश *मेरा फोल्डर* में भेजने हेतु। |
| *बढ़ाएं* | चुना गया संदेश अग्रेषित करने हेतु। |
| *बहु-मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |

### *भेजा*

आपके द्वारा संदेश भेजे जाने पर, संदेश *भेजा* में रक्षित किए जाएंगे।

जब आप प्रेषित संदेश सूची में हों, निम्न विकल्प में जाने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *पढ़ें* | चुना गया संदेश पढ़ने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *बढ़ाएं* | चुना गया संदेश अग्रेषित करने हेतु। |
| *मेरे फोल्डर तक ले जाएं* | चुना गया संदेश *मेरा फोल्डर* में भेजने हेतु। |
| *बहु-मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | आउटबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |

संदेश प्रदर्शित होने पर, निम्न विकल्प तक पहुँचने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *बढ़ाएं* | चुना गया संदेश अग्रेषित करने हेतु। |

## *ड्राफ्ट्स*

यह मीनू आपके द्वारा सभी रक्षित परन्तु अप्रेषित संदेशों की सूची प्रदान करता है। कोई संदेश चुनने के लिए *चुनें* दबाएं और निम्न विकल्प में जाने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *पढ़ें* | चुना गया संदेश पढ़ने हेतु। |
| *संपादन* | प्रेषण-पूर्व संपादन हेतु। |
| *मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *बहु-मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | आउटबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |

## *मेरा फोल्डर*

इस मीनू द्वारा आप अपने संदेश *इनबॉक्स* से *मेरा फोल्डर* में भेज सकते हैं। कोई संदेश चुनने के लिए *चुनें* दबाएं और निम्न विकल्प में जाने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *पढ़ें* | चुना गया संदेश पढ़ने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *बहु-मिटाएं* | चुना गया संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | आउटबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |

## *सेटिंग्स*

इस मीनू द्वारा आप निम्न विकल्पों द्वारा अपने एसएमएस को व्यक्तिगत बना सकते हैं :

| | |
|---|---|
| *एस एम एस केंद्र* | अपना डिफॉल्ट एसएमएस केन्द्र चुनें। **यदि आपके सिम कार्ड पर उपलब्ध न हो, तो आपको अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट करना होगा।** |
| *वैधता अवधि* | एसएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा निर्धारित करें। ऐसा करना प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से सम्पर्क में न होने (अतः तुरन्त आपका संदेश प्राप्त न कर पाने) की स्थिति में लाभदायक होता है।<br>**यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |

*सुपुर्दगी रिपोर्ट* — *चालू* होने पर, यह विकल्प आपको एसएमएस द्वारा सूचित करेगा कि आपके प्राप्तकर्ता ने एसएमएस प्राप्त किया है या नहीं।

**यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।**

*संग्रहण स्थान* — इस विकल्प द्वारा आप अपने संदेश सहेजने हेतु पसंदीदा स्थान (यानि सिम में या फोन में) चुन सकते हैं।

### वॉयस मेल

इस मीनू द्वारा आप वॉयस मेल सर्वर नम्बर देख सकते हैं और वॉयस मेल सुन सकते हैं। अपने द्वारा वॉयस मेल प्राप्त करने पर, आपका प्रदाता आपके फोन पर एक संदेश भेजेगा। आप फोन द्वारा वॉयस मेल सर्वर नम्बर प्रविष्ट कर सकते हैं। नेटवर्क सेवा प्रदाता नम्बर प्रदान करता है।

वॉयस सर्वर नम्बर निर्धारित करने के लिए आप संपादन कर नम्बर प्रविष्ट करने हेतु *संपादन* चुन सकते हैं।

वॉयस मेल सुनने के लिए आप *उत्तर* चुन सकते हैं।

*निष्क्रिय अवस्था में 1 कुन्जी दबाने एवं दबाए रखने पर, आप अपने वॉयस सर्वर में शीघ्र पहुँच सकते हैं।*

### मेमोरी स्थिति

स्मृति में सिम कार्ड एवं फोन में सहेजे गए संदेशों की स्थिति प्रदर्शित करती है।

## सेल प्रसारण

सेल प्रसारण सन्देश मोबाइल प्रयोक्ताओं के किसी समूह के लिए प्रसारित किए जाने वाले सार्वजनिक संदेश होते हैं। संदेश कोड किए गए चैनलों पर ये संदेश प्रसारित किए जाते हैं। सामान्यत: एक प्रसारण चैनल एक प्रकार के संदेश प्रसारित कर सकता है। चैनल संख्याओं की सूची एवं उनकी अपनी प्रसारण जानकारी के लिए कृपया अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### प्राप्त करना

इस मीनू द्वारा आप प्रसारित संदेशों की प्राप्ति निर्धारित कर सकते हैं। *चालू* होने पर, आप प्रसारित संदेश प्राप्त कर सकते हैं। *बंद* होने पर आप प्रसारित संदेश प्राप्त नहीं कर सकते।

### चैनल सूची

चैनल सेटिंग्स में पहुँचने के लिए ⋯ दबाएं। आप *चुनें*, *जोड़ें*, *संपादन* या *मिटाएं* चैनल चुन सकते हैं।

# 6. कॉल इतिहास

आपका मोबाइल फोन आपको आउटगोइंग एवं इनकमिंग कॉलों, स्वयं पुनः डायल प्रयासों, और कॉल विवरणों की एक सूची प्रदान कर सकता है। विभिन्न प्रकार की कॉलें (*छूटी कॉलें*, *आउटगोइंग कॉलें* और *उत्तरित कॉलें*) विभिन्न चिह्नों द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं। ऊपर सबसे नवीनतम कॉल के साथ वे सामयिक क्रमशः प्रदर्शित की जाती हैं। आपकी फोनबुक में यदि नम्बर के साथ नाम सहेजा गया है, तो संबद्ध नाम प्रदर्शित होता है।

## छूटी कॉलें

इस मीनू द्वारा आप नवीनतम अनुत्तरित कॉलें देख सकते हैं। एक वस्तु चुनें और नाम, तिथि, समय और अपने द्वारा प्रत्येक कॉल छूटने की संख्या देखने के लिए *विकल्प* > *विवरण देखें* दबाएं।

निम्न विकल्प में पहुँचने के लिए *विकल्प* दबाएं :

| | |
|---|---|
| *विवरण देखें* | सम्पर्क जानकारी देखें। |
| *कॉल* | नम्बर डायल करें। |
| *IP कॉल* | IP कॉल करें। |
| *एस एम एस भेजें* | सम्पर्क को संदेश भेजें। |
| *रक्षित करें* | नम्बर सहेजें। |
| *वर्तमान मिटाएं* | विद्यमान नम्बर मिटाएं। |
| *सभी को मिटाएं* | सभी नम्बर मिटाएं। |

## आउटगोइंग कॉलें

इस मीनू द्वारा आप, डायल करने के प्रयासों या सफलतापूर्वक कनेक्ट हुई कॉलों सहित, नवीनतम डायल की गई कॉलें देख सकते हैं।

## उत्तरित कॉलें

इस मीनू द्वारा आप नवीनतम प्राप्त की गई कॉलें देख सकते हैं।

## कॉल अवधि

इस मीनू द्वारा आप कुल *आउटगोइंग*, *उत्तरित* और *अंतिम कॉल समय* (घंटों, मिनटों, सेकण्ड्स में प्रदर्शित) देख सकते हैं। सभी कॉल समयक रिसेट करने हेतु आप *खाली करें* दबा सकते हैं।

***आपके नेटवर्क, बिल के उद्देश्य हेतु पूर्णांकन, कर आदि पर निर्भर करते हुए, आपके सेवा प्रदाता द्वारा कॉलों एवं सेवाओं हेतु प्रेषित वास्तविक समय बदल सकता है।***

# 7. सेटिंग्स

इस मीनू द्वारा आप अपने फोन में प्रत्येक उपलब्ध विकल्प से संबंधित सेटिंग्स (समय एवं तिथि, सुरक्षा, कॉल अंतरण, आदि) बदल सकते हैं।

## फोन सेटिंग्स

### *रिंग टोन*

इससे आप इनकमिंग कॉल, एसएमएस, अलार्म और कार्यक्रमों के लिए एक संकेत ध्वनि चुन सकते हैं। *चुनें* दबाएं और सूची में स्क्रॉल करें और चुनी गई धुन बजते हुए सुनने के लिए प्रतीक्षा करें।

### *समय एवं तिथि*

इससे आप कुन्जीपटल या मार्गदर्शक कुन्जियों के प्रयोग द्वारा समय एवं तिथि निर्धारित कर सकते हैं। *चुनें* दबाएं और आप निम्न आइटेम्स सेट कर सकते हैं :

| | |
|---|---|
| *तिथि एवं समय* | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा तिथि/समय प्रविष्ट करने हेतु। |
| *तिथि/ समय फॉर्मेट* | *समय फॉर्मेट* और *तिथि फॉर्मेट* सेट करने हेतु। |

### *भाषा*

इससे आप समस्त मीनू पाठ्य हेतु एक भाषा चुन सकते हैं। भाषाओं की सूची ब्राउज़ करने के लिए या दबाएं और *ठीक* दबाएं।

### *बैकलाइट समय*

इससे आप बैकलाइट की अवधि *10 से.*, *20 से.*, *30 से.* और *60 से.* के बीच निर्धारित कर सकते हैं।

### *स्वचालित कुन्जीलॉक*

इससे आप निष्क्रिय अवस्था में अपना कुन्जीपटल स्वतः लॉक कर सकते हैं। आप इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए *बंद* या *चालू* चुन सकते हैं।

*कुन्जीपटल को शीघ्र लॉक करने के लिए आप # दबा सकते हैं।*

## कॉल सेटिंग्स

### *किसी कुन्जी द्वारा उत्तर*

किसी कुन्जी द्वारा उत्तर *बंद*/*चालू* चुनें।

### *कॉल डाइवर्ट*

इनकमिंग कॉलों का अपने वॉयस मेलबॉक्स या किसी नम्बर (चाहे (आपकी फोनबुक में हो या नहीं) पर अंतरण करने हेतु।

| | |
|---|---|
| *बगैर शर्त* | सभी वॉयस कॉलें अंतरित करेगा। |
| *जब व्यस्त हों*<br>*कोई उत्तर नहीं*<br>*पहुंचने योग्य नहीं* | इससे आप वह स्थिति चुन सकते हैं जब आप अपनी इनकमिंग कॉलों का अंतरण करना चाहते हों। |
| *डाइवर्ट निरस्त करें* | सभी अंतरण विकल्प रद्द करने हेतु। |
| *स्थिति* | अंतरण की स्थिति जाँचने हेतु। |

### कॉल प्रतीक्षा

यह एक प्रकार की नेटवर्क सेवा है। यदि आप *चालू* चुनते हैं, तो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आप से सम्पर्क करने का प्रयास किए जाने पर आपको किसी कॉल के दौरान सूचित करेगा। अन्यथा यदि *बंद* चुनते हैं, तो फोन आपको सूचित नहीं करेगा और दूसरे व्यक्ति को व्यस्त ध्वनि सुनाई देगी या कॉल किसी अन्य फोन पर अंतरित हो जाएगी (यदि आपका फोन *व्यस्त होने पर डाइवर्ट करें* पर सेट हो) ।

### स्वतः पुनर्डायल

इससे आपका फोन आपके द्वारा की गई कॉल का उत्तर न दिए जाने पर स्वतः ही कुछ अंतरालों पर पुनर्डायल करता है। इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए *बंद*/ *चालू* चुनें।

### स्वतः उत्तर

इससे आपका फोन स्वतः ही कॉल स्वीकार कर लेता है। इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए *बंद*/ *चालू* चुनें।

*केवल ईयरफोन प्रयोग होने पर ही स्वयं उत्तर मीनू सक्रिय किया जा सकता है।*

### फ्लैश डायल

इससे आप तीव्रता से अपनी फोनबुक में रक्षित कोई नम्बर डायल कर सकते हैं। आप अधिकतम आठ तीव्र डायल नम्बर निर्धारित कर सकते हैं, ताकि संख्यात्मक कुन्जी को देर तक दबाने से उस संख्यात्मक कुन्जी से संबंधित नम्बर डायल हो सके।

### मिनट रिमाइंडर

इससे आप कॉल के दौरान सतर्क प्राप्त करने अथवा प्राप्त न करने का चुनाव कर सकते हैं। 50 मिनट के प्रत्येक अंतराल के बाद सतर्क प्रकट होगा। इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए आप *बंद*/ *चालू* दबा सकते हैं।

### आईपी कोड

इससे आप आईपी सेवा नम्बर रक्षित कर सकते हैं ताकि आपको कोई आईपी कॉल करने से पहले नम्बर सहेजने की आवश्यकता न हो। कुन्जीपटल द्वारा अपना आईपी नम्बर प्रविष्ट करें और पुष्टि करने के लिए *ठीक* दबाएं।

### सम्पर्क ध्वनि

इससे आप अपना कॉल सम्पर्क में होने पर सतर्क प्राप्त करने अथवा प्राप्त न करने का चुनाव कर सकते हैं। इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए आप *बंद*/ *चालू* दबा सकते हैं।

## सुरक्षा

### कॉल रोकना

इस मीनू द्वारा आप अपने फोन के प्रयोग को आउटगोइंग और इनकमिंग दोनों कॉलों के अवरोधन द्वारा विशिष्ट कॉलों तक ही सीमित रख सकते हैं। यह क्रिया नेटवर्क पर निर्भर करती है और इसके लिए आपके सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान किया गया एक विशिष्ट कॉल अवरोधन पासवर्ड आवश्यक है।

*इनकमिंग कॉलें* मीनू द्वारा आप *इनकमिंग को रोकना* या *रोमिंग के दौरान इनकमिंग कॉल रोकना* चुन सकते हैं।

*आउटगोइंग कॉलें* मीनू द्वारा आप *आउटगोइंग अंतर्राष्ट्रीय को रोकना*, *सिर्फ घरेलू को* या *आउटगोइंग कॉल को रोकना* चुन सकते हैं।

*सभी को निरस्त करें* मीनू द्वारा आप सभी अवरोधन क्रियाएं हटा सकते हैं।

*पासवर्ड संपादित करें* मीनू द्वारा आप अवरोधन पासवर्ड बदल सकते हैं।

*सिम पासवर्ड*

इस मीनू का प्रयोग पिन लॉक को सक्रिय/ निष्क्रिय करने और पिन पासवर्ड बदलने हेतु किया जाता है।

### पिन लॉक

पिन (व्यक्तिगत पहचान संख्या) लॉक का प्रयोग सिम कार्ड को अनधिकृत प्रयोग से बचाने हेतु किया जाता है। पिन सिम कार्ड के साथ ही प्रदान किया जाता है। सेवा प्रदाता डिफॉल्ट मान प्रदान करता है। इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए आप *बंद*/ *चालू* चुनें।

यदि आप लगातार तीन बार एक गलत पिन कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम का पिन कोड लॉक हो जाएगा और फोन आपको पीयूके कोड प्रविष्ट करने का निर्देश देगा।

पीयूके कोड सिम कार्ड के साथ प्रदान किया जाता है। यदि यह प्रदान न किया गया हो, तो आप सेवा प्रदाता से कोड प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप लगातार दस बार एक गलत पिन कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम कार्ड हमेशा के लिए लॉक हो जाएगा।

### पिन बदलें

पिन पासवर्ड आपके फोन की अन्य लोगों द्वारा अनाधिकृत प्रयोग से रक्षा करता है। आपके द्वारा समस्त डाटा मिटा दिए जाने पर या फैक्ट्री सेटिंग्स पुनः स्थापित करने पर पासवर्ड की आवश्यकता होती है। फोन लॉक पासवर्ड आपको आपके सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान किया जाता है।

## नेटवर्क

इस मीनू द्वारा आप सेवा नेटवर्क का चुनाव कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| *वर्तमान नेटवर्क* | आपके द्वारा प्रयोग किए जा रहे वर्तमान नेटवर्क की जानकारी प्रदर्शित करता है। |
| *स्वतः चयन* | आपका फोन स्वतः एक उपलब्ध नेटवर्क का चुनाव करेगा और पंजीकृत हो जाएगा। |
| *मैन्युअल चुनें* | आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क की एक सूची प्रदान करता है। पंजीकरण हेतु वांछित नेटवर्क चुनें और पुष्टि करने के लिए ⋯ दबाएं। |

*आप अपने होम नेटवर्क के साथ किसी अन्य नेटवर्क का रोमिंग समझौता होने पर ही अपने होम नेटवर्क के अलावा कोई अन्य नेटवर्क चुन सकते हैं। आपके द्वारा नेटवर्क बदलने पर, आपके फोन के संचालन के दौरान कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।*

## रिसेट

इस मीनू द्वारा आप आप अपने फोन को उसकी फैक्ट्री सेटिंग्स पर पुनः स्थापित कर सकते हैं। पुष्टि करने के लिए ⋯ *ठीक* दबाएं।

*आपके द्वारा एक बार उचित पासवर्ड (आपके फोन लॉक कोड के समान, डिफॉल्ट मान 1122 है) प्रविष्ट करने के बाद, आपके फोन की फैक्ट्री सेटिंग्स पुनः स्थापित हो जाएंगी।*

# 8. प्रोफाइल

इस मीनू द्वारा आप इनकमिंग कॉल, नए संदेश आदि के लिए संकेत ध्वनि सेट कर सकते हैं। इससे आप सतर्क प्रकार, संकेत ध्वनि की तीव्रता और उत्तर अवस्था और बैकलाइट आदि सेट कर सकते हैं ताकि आपका फोन सभी प्रकार के वातावरणों के अनुकूल हो। *सामान्य* या *मीटिंग* चुनें और निम्न विकल्प में पहुँचने के लिए *विकल्प* चुनें:

| | |
|---|---|
| *सक्रिय करें* | चुना गया प्रोफाइल सक्रिय करें। |
| *वॉल्यूम* | इससे आप *रिंग टोन* और *इयरपीस वॉल्युम* की तीव्रता सात स्तरों में से किसी एक पर सेट कर सकते हैं। |
| *रिंगर प्रकार* | *इनकमिंग*, *एस एम एस*, *अलार्म*, *सूचीपत्र* (*रिंग टोन* और/या *कंपन*) सहित। |
| *की टोन* | सक्रिय/ निष्क्रिय करने के लिए *बंद*/*चालू* चुनें। |
| *पॉवर ऑन टोन* | सक्रिय/ निष्क्रिय करने के लिए *बंद*/*चालू* चुनें। |

# 9. सहयंत्र



इस मीनू में आपके व्यक्तिगत उपयोग हेतु लक्षण एवं विकल्प हैं।

## अलार्म

आपके मोबाइल फोन में एक आंतरिक अलार्म घड़ी है। आप तीन अलग अलार्म तक सेट कर सकते हैं। अलार्म सेट करने हेतु, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें।

1. कोई अलार्म चुनें और दबाएं।
2. स्थिति चुनें और उसे *चालू* पर सेट करेंA
3. समय प्रविष्ट करें।
4. अवधि चुनें : *एक बार, दैनिक, कार्य दिवस, सप्ताहांत*।
5. अलार्म का नाम संपादित करें।
6. अन्य अलार्म सेट करने के लिए ऊपर दिए गए क्रमों का पालन करें।

*आपके द्वारा अपना फोन बंद करने पर भी अलार्म घड़ी बजेगी। अलार्म बजना रोकने के लिए दबाएं। अस्थायी तौर पर ध्वनि रोकने के लिए दबाएं। लगभग 4 मिनट बाद अलार्म फिर बजता है।*

*यदि आप अलार्म बंद करना चाहते हैं, तो क्रम 1 और 2 बंद पर सेट करें।*

## सूचीपत्र

इससे आप अपने कार्यक्रम नियोजक में घटनाएं तैयार, रक्षित और प्रबंधित कर सकते हैं। निम्न विकल्प में पहुँचने हेतु दबाएं:

| | |
|---|---|
| *तिथि डालें* | घटना की तिथि प्रविष्ट करें। |
| *बनाएं* | कोई नई घटना तैयार करें। |
| *सूचीपत्र* | घटनाओं की सूची प्रदर्शित करें। |
| *मैमोरी स्थिति* | अपने फोन में उपलब्ध स्मृति प्रदर्शित करें। |

*कार्यक्रम नियोजक अन्य लक्षणों (फोनबुक, एसएमएस आदि) के साथ मोबाइल मेमोरी की क्षमता साझा करता है।*

## कैल्कुलेटर

आपके फोन में एक आंतरिक कैल्कुलेटर है जिसका प्रयोग आप मौलिक गणना हेतु कर सकते हैं। इस मीनू का प्रयोग मुख्यतः जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसी सरल प्रक्रिया में किया जाता है।

1. प्रथम संख्या प्रविष्ट करें। दशमलव बिन्दु, माइनस चिह्न, और संख्याएं मिटाने, चुनने हेतु *विकल्प* दबाएं।

*आप सीधे दशमलव बिन्दु प्रविष्ट करने हेतु भी दबा सकते हैं।*

2. *जोड़ें, घटाएं, गुणा करें,* या *भाग दें* चुनने हेतु *विकल्प* दबाएं।
3. दूसरी संख्या प्रविष्ट करें।
4. परिणाम प्राप्त करने के लिए *विकल्प* दबाएं और *बराबर* चुनें।

*कैलकुलेटर का परिणाम संकेतक है। गणना की शुद्धता अधिकतम 9 दशमलव स्थानों तक है। फिर 9वें दशमलव अंक के बाद अगली प्रक्रिया के लिए परिणाम काट दिया जाता है।*

# 10. खेल



## खेल

कोई खेल चुनें और दबाएं। किसी विशिष्ट खेल से संबंधित विवरण हेतु, कृपया ऑनस्क्रीन निर्देशों का पालन करें।

# 11. एसटीके

## एसटीके

*इस मीनू के अंतर्गत संरचना और नाम आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा संरूपित किए जाते हैं और आपके सिम कार्ड में सहेजे जाते हैं। ये सेवाएं एसटीके प्रदाता के अनुसार बदलती हैं।*

यह मीनू उपयोगी सेवाएं प्रदान करता है और ये सेवाएँ ऑपरेटर के अनुसार बदलती है। कृपया विवरण के लिए अपने ऑपरेटर से पूछें। एसटीके समर्थित फोन्स में एक अतिरिक्त एसटीके मीनू होता है, और इस मीनू में विषयवस्तु सिम कार्ड के अनुसार प्रस्तुत की जाती हैं, जिन्हें बदला नहीं जा सकता। मीनू के विकल्प एसटीके के अनुसार अलग हो सकते हैं और नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा बदले जा सकते हैं।

# चित्र एवं चिन्ह

निष्क्रिय अवस्था में, स्क्रीन पर एक साथ कई चिन्ह प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

***यदि नेटवर्क का चिन्ह प्रदर्शित न हो, तो नेटवर्क वर्तमान तौर पर उपलब्ध नहीं होगा। आप किसी निकृष्ट अभिग्रहण क्षेत्र में हो सकते हैं, किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।***

*शान्त* - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए नहीं बजेगा।

*मीटिंग मोड* - आपका फोन केवल कॉल प्राप्त करते हुए कम्पन करेगा।

*एस एम एस संदेश* - आपको एक नया संदेश प्राप्त हुआ है।

*नया संदेश* - दायीं सॉफ्टकुन्जी द्वारा एक नया संदेश लिखें।

*बैटरी क्षमता* - आपको जितनी अधिक रेखाएं दिखेंगी आपके पास उतनी अधिक ऊर्जा शेष होगी।

*अलार्म* सक्रिय।

*रोमिंग* - आपके फोन द्वारा अपने नेटवर्क से अलग किसी नेटवर्क में पंजीकृत होने पर (विशेषतः आपके विदेश में होने पर) प्रदर्शित किया जाता है।

*कुंजीपटल लॉक* सक्रिय।

*सिम मैमोरी पूर्ण* - सिम की स्मृति सम्पूर्ण हो गई है। नई जानकारी सहेजने हेतु पुरानी हटाएं।

*मैमोरी पूर्ण* - फोन एवं सिम की मेमोरी सम्पूर्ण हो गई है। नई जानकारी सहेजने हेतु पुरानी हटाएं।

*मुख्य मीनू* - मुख्य मीनू पर जाएं।

*कॉल बढ़ाना* - फोन कॉल-बढ़ाना स्थिति में है।

*सिग्नल क्षमता* - रेखाएं जितनी अधिक होंगी, प्राप्ति उतनी बेहतर होगी।

*कंपन* - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए कम्पन करेगा।

*छूटी कॉल* - आपकी एक छूटी कॉल है।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन को आपकी ध्वनि या डाटा संकेत भेजती हैं। नेटवर्क फोन की संचारण शक्ति को नियंत्रित करता है।

- आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेंसी (900 /1800MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
- जीएसएम नेटवर्क संचारण शक्ति (0.01 से 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
- आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।
- आपके फोन पर सीई का चिन्ह युरोपीय विद्युतचुम्बकीय संगतता (संदर्भ 89/336/EEC) और कम वोल्टेज निदेशों (संदर्भ 73/23/EEC) के प्रति अनुरूपता प्रदर्शित करता है।

आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को बताएं। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनधिकृत प्रयोग से बचने के लिए :



अपना फोन एक सुरक्षित स्थान पर और बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए बिना प्रयोग किए रखना चाहते हैं, तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने के लिए पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। तथापि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको घर और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का प्रयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के प्रयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुनरावलोकन किया गया है और रेडियो तरंगों की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार यन्त्र निर्देश 1999/5/EC **का पालन करता है।**

## अपना फोन हमेशा बंद रखें ...



अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यवधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समय : विमान में मोबाइल फोन्स का प्रयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है, मोबाइल फोन्स के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सकीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरणस्वरूप पेट्रोल स्टेश्नों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा भी हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप हो।

ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने हेतु निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में प्रयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स का प्रयोग

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** है :

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से १५ से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने हेतु पेसमेकर के विपरीत कान का प्रयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि संभावित व्यवधान हो रहा है, तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप एक **श्रवण उपकरण** के प्रयोक्ता हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट यन्त्र सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार** करने, रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देशों का पालन करें :**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन हेतु आपको फोन को सामान्य प्रचालन अवस्था में प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ प्रयोग न करते हुए)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमान के सम्पर्क में न आने दें।
- फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरुपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
- फोन को किसी द्रव में न डुबाएं ; यदि आप का फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उन्हें पुनः प्रयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
- फोन को साफ करने हेतु, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।
- कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। तथापि, एक स्थान पर रखे रहने में मोबाइल के निष्क्रिय स्क्रीन में कम ऊर्जा खपत होती है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान जानकारी प्रेषित करते हेतु ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को थोड़े समय के लिए सेट करना और मीनू में बिना कारण

आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे समय तक प्रयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों हेतु बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

• आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
• केवल निर्दिष्ट चार्जर का ही प्रयोग करें।
• जलाएं नहीं।
• बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
• धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सिरों से शार्ट सर्किट न करने दें।
• अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचें।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरणों का ही प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग आपके फोन को हानि पहुँचा सकता है और आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा।

यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पुर्ज़े तुरन्त एक योग्य मिस्त्री द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएं और वे असली फिलिप्स प्रतिस्थापन पुर्ज़ों से बदले जाएं।

## आपका माबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न निर्देशों का पालन करें :

• अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएं। फोन का प्रयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
• जिन देशों में आप वाहन चलाते हैं वहाँ के स्थानीय नियमों का आदर करें और अपने जीएसएम फोन का प्रयोग करें।
• यदि आप अपना फोन किसी वाहन में प्रयोग करना चाहते हैं, तो उस उद्देश्य के लिए बनाई गई हैंड्स-फ्री कार किट स्थापित करें।
• यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी कार में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हार्न संचालित करने हेतु किसी अलार्म तन्त्र का प्रयोग वर्जित है। स्थानीय नियम देखें।

## EN 60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में रहने (जैसे किसी खिड़की या किसी शीशे के पीछे) के बाद, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है, विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाने में बहुत ध्यान दें और उसे 40°से. से अधिक या 5°से. से कम परिवेशी तापमान में प्रयोग करने से भी बचें।

## वातावरण सम्बन्धी देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृपया उनके पुनर्ढलाई को बढ़ावा दें।

फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए मानक चिह्न लगाए हैं।

बैटरी साधारण घरेलू कचरे के साथ नष्ट नहीं की जानी चाहिए।

चिह्नित पैकेजिंग सामग्री की पुनर्ढलाई की जा सकती है।

संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग प्राप्ति तन्त्र (जैसे फ्रांस में इकोएम्बैल्लेज) में एक वित्तीय योगदान किया गया है।

प्लास्टिक सामग्री की पुनर्ढलाई की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)।

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*

बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। फिर बैटरी चिह्न का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर से हटाएं और मोबाइल चालू करने का प्रयास करें।

### *आपका फोन निष्क्रिय स्क्रीन पर वापिस नहीं जाता*

फोन काटने की कुन्जी को देर तक दबाकर रखें या फोन बंद करें, यह जाँचें कि सिम कार्ड और बैटरी सही प्रकार स्थापित हैं और उसे पुनः चालू करें।

### *नेटवर्क चिह्न प्रदर्शित नहीं होता*

नेटवर्क सम्पर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), यदि आपके मोबाइल में बाहरी एन्टिना है तो यह जाँच लें कि एन्टिना सही स्थान पर है, या नेटवर्क संबंधी सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन काम ही करता (या प्रदर्शन धीरे-धीरे काम करता है)*

प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर बहुत धीरे काम करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएं और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृपया अपने फोन प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *आपकी बैटरी अधिक गर्म होती हुई लगती है*

संभव है आप किसी ऐसे चार्जर का प्रयोग कर रहे हों, जो आपके फोन के लिए उचित नहीं है। यह सुनिश्चित करें कि आप हमेशा अपने फोन के साथ प्रदान किए गए फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण का ही प्रयोग करते हैं।

### *आपका फोन इनकमिंग कॉलों के फोन नम्बर प्रदर्शित नहीं करता*

यह लक्षण नेटवर्क और सेवा पर निर्भर है। नेटवर्क द्वारा कॉलकर्ता का नम्बर प्रेषित न करने पर, फोन *कॉल 1* या *अस्वीकार* प्रदर्शित करेगा। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*

कुछ नेटवर्क अन्य नेटवर्क्स के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं करते। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट किया है, या इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपको ऐसा लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*

अपने कॉल अंतरण विकल्प जाँच लें।

### *प्रदर्शन दिखाता है अपना सिम प्रविष्ट करें*

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया है। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *मीनू में किसी लक्षण का प्रयोग करने पर, मोबाइल प्रदर्शित करता है अनुमति नहीं*

कुछ लक्षण नेटवर्क पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपकी सेवा द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा*

यदि आपकी बैटरी पूर्णतः समाप्त हो चुकी है, तो स्क्रीन पर चार्जिंग चिह्न प्रदर्शित होने से पहले उसे पूर्व-चार्ज हेतु कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर आपके मोबाइल फोन के पैकेज में मानक तौर पर शामिल होते हैं। अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के निस्पादन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ प्रयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। गैर प्रामाणिक सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी ए.सी. आउटलेट में आपकी बैटरी चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैण्डबैग में ले जाने हेतु छोटा है।

## हेडसेट

आपके द्वारा ईयरफोन लगाते ही आपका फोन स्वयं हेडसेट मोड सक्रिय कर देता है। और आप उत्तर मोड में “स्वचालित” विकल्प का चयन कर सकते हैं। यह विकल्प स्थिति “चालू” होने पर, आपका फोन स्वतः ही 5 या 10 सेकण्ड्स में इनकमिंग कॉल का उत्तर देता है।

# ट्रेडमार्क कथन

टेजिक यूरो पेटेंट
एप्लि. 0842463

T9® टेजिक कम्युनिकेशन्स इंक. का एक ट्रेडमार्क है।

# एसएआर जानकारी - अंतर्राष्ट्रीय (आईसीएनआईआरपी)

## यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रति अनुरुपता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सिफारिशों का पालन करता है

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा परिभाषित रेडियो फ्रीक्वेंसी उर्जा के प्रति सहनशील और अनुरुप बनाया गया है। ये सुझाव इन्टर्नेश्नल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइज़िंग रेडियेशन प्रोटेक्शन (आईसीएनआईआरपी) द्वारा स्थापित किए गए हैं जो आयु एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश अभिकल्पित करते हैं।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन के लिए आईसीएनआईआरपी द्वारा सुझावित एसएआर सीमा सिर के लिए टिश्यु के प्रति 10ग्रा. में 2.0 वा./कि.ग्रा.* है।

फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवर्क तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी।

यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकते हैं, वे सभी रेडियो तरंगों के प्रति अनुरुपता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु निरीक्षण करने पर इस फिलिप्स 180 के लिए अधिकतम एसएआर दर 1.74 वा./कि.ग्रा. है। यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी आरएफ अनुरुपता के संबद्ध अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

रेडियो तरंगों का प्रदर्शन सीमित करने हेतु, मोबाइल फोन की कॉल अवधि कम करने या एक हेडसेट प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इन सावधानियों का उद्देश्य मोबाइल फोन को सिर एवं शरीर से दूर रखना है।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है ?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता ("उपभोक्ता" या "आप") को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज ("उत्पाद") में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्प और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी होती है ?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा ?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु बिना शुल्क लिए, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदलने जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है ?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं हैः

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ का प्रवेश ; या
b) फिलिप्स द्वारा अनधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद ; या
c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वसनीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों ; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं ; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो ; या
f) ऐसा उत्पाद जो, का क्रय के मूल देश के बाहर खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल पर सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना ; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया या जिसकी खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) साधारण टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

a) उत्पाद को फिलिप्स के किसी अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएं। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र की जानकारी के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुकसान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं जाती, या सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती या अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत और प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिए जाएँगे।
d) महत्वपूर्ण - आपके लिए उत्पाद को खरीद के ऐसे वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान दर्शाता हो।

6. अन्य शर्त : यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।
फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी ख़रीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुकसानों से संबंधित, ऐसे नुकसान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगा।

हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुकसान, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुकसान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को निरस्त करती है। कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,

**फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स हाँग काँग लिमिटिड**
**बिज़नेस ग्रुप मोबाइल फोन**
**5/एफ, फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स बिल्डिंग**
**5 साइंस पार्क एवेन्यू**
**शैटिन न्यु टेरिटरीज़**
**हाँग काँग**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद

**CT 0180**
सेल्युलर मोबाइल रेडियो जीएसएम 900/1800
टीएसी : 35208201

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप है :

**ईएन 60950, ईएन 50360 and ईएन 301 489-01/07**
**ईएन 301 511 v 9.0.2**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो टेस्ट समूह कर लिए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुरूप है।
निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन V में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया का धारा 3.1 एवं 3.2 के संबंध में पालन किया गया है : फीनिक्स टेस्टलैब जीएमबीएच, कोनिग-स्विंकल 10डी-32825 ब्लूमबर्ग, जर्मनी।
पहचान चिह्न : **0700**

जुलाई 11, 2006

क्वालिटी मैनेजर

